हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 11 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 शहर की जलप्रदाय व्यवस्था अब संभालेगा...



07 थोक फल और सब्जी विक्रेता ही अमरपुर मंडी में...



खबर संक्षेप में

हरियाली अमावस्या पर मंशापूर्ण महादेव मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

मंदसौर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या



पर राम मोहल्ला जनकूपुरा मंदसौर स्थित प्राचीनतम एवं चमत्कारीक श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा सायं 4 बजे से राम मोहल्ला जनकूपुरा मंदसौर स्थित अति प्राचीनतम एवं चमत्कारिक श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर से निकाली जाएगी। जो मोहल्ला से बड़ा चौक, गणपति चौक, वरूणदेव मंदिर, घण्टाघर, सदर बाजार से धानमंडी होते हुए पुनः मशांपूर्ण मंदिर पहुंचेगी। तत्पष्चात महाआरती होगी तथा भक्तों को प्रसादी वितरण किया जाएगा। श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर भक्त मंडल ने धर्मालुजनों से इस शोभायात्रा एवं महाआरती में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

जिले में अब तक 401.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

मंदसौर। जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 401.4 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 5.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में भानपुरा में 3.2 मिमी, भावगढ़ में 0 मिमी, गरोठ में 17.0 मिमी, मल्हारगढ़ मे 1.0 मिमी, संजीत में 2.0 मि.मी., धुंधड़का में 0 मि.मी., मंदसौर में 4.0 मि.मी., शामगढ़ में 21.2 मि.मी., कयामपुर में 0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी. एवं सुवासरा में 12.6 मि.मी. वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र भानपुरा में 341.0 मि.मी., भावगढ़ में 451.2 मि.मी., गरोठ में 326.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 469.0 मि.मी., संजीत में 306.0 मि.मी., धुधंड़का में 525.0 मि.मी., मंदसौर में 423.0 मि.मी., शामगढ़ में 377.0 मि.मी., कयामपुर में 367.5 मि.मी., सीतामऊ में 434.4 मि.मी. एवं सुवासरा में 394.9 मि.मी., औसत वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1298.15 फीट है।

पीआईसी से दो सदस्यों ने दिया त्यागपत्र

नलखेड़ा। तहसील की बड़ागांव नगर परिषद की पीआईसी से सोमवार को दो सदस्यों द्वारा त्यागपत्र दे दिया गया। सोमवार को नगर परिषद बड़ागांव की प्रसिडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) के दो पार्षद बलराम सिंह राजपूत एवं ममता सोहन सुमन ने अपना त्यागपत्र सीएमओ की अनुपस्थिति में सहायक राजस्व निरीक्षक को सौपे गए। गौरतलब है कि बड़ागाँव में कांग्रेस की नगर परिषद अध्यक्ष है एवं पीआईसी से त्यागपत्र देने वाले दोनों पार्षद भारतीय जनता पार्टी के हैं।

नलखेड़ा क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

कुंडालिया बांध के खोले गए 6 गेट 3366.202 क्यूसेक पानी छोड़ा

नदी नाले उफान पर, ग्राम टिकोन में भराया पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील क्षेत्र में रविवार रात्रि से जारी मूसलाधार वर्षा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं कई नदी नाले उफान पर आ गए है। तहसील के एक ग्राम टिकोन में पानी भराने के भी समाचार प्राप्त हुए हैं। लगातार बारिश के चलते बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा कई दुकाने बंद रही। नगर सहित तहसील क्षेत्र में रविवार रात्रि से मूसलाधार वर्षा प्रारम्भ हुई जोकि सोमवार सायं समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

लगातार हो रही वर्षा से कई ग्रामों के नदी नाले उफान पर आ गए। नगर के माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित नाला रविवार रात्रि से ही उफान पर है और उसका पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा है जिससे मंदिर का मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित रहा। भक्त वैकल्पिक मार्ग से मंदिर तक पहुंच रहे थे। तहसील के ग्राम टिकोन में नाले का पानी ग्राम के अंदरूनी मार्गो से लगभग 2 फिट तक बहता हुआ निकल गया। लगातार वर्षा से भाटन नदी उफान पर आ गई जिससे ग्राम कुशलपुरा में स्थित पुलिया के ऊपर से पानी निकल गया। जिसके चलते ग्राम का मार्ग भी घंटो बंद रहा। भाटन नदी का रौद्र रूप बड़ागाँव में भी दिखाई दिया जहाँ नदी का पानी आसपास के मैदानी इलाकों में फैल चुका था। लगातार वर्षा से लखुंदर नदी का जल स्तर भी बढ़ गया है। माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित स्टॉपडेम के ऊपर से पानी बह रहा है। मूसलाधार वर्षा से जन जीवन भी अस्त व्यस्त दिखाई दिया। बाजारों में अधिकांश प्रतिष्ठान बंद रहे तो जो खुले थे उन पर भी ग्राहकी नही रही। नागरिक अपने घरों में ही कैद रहे।





तेज बारिश से कालीसिंध नदी उफान पर, रेड अलर्ट जारी, प्रशासन ने की अपील

रविवार रात्रि से हो रही भारी बारिश के चलते सोमवार को सुसनेर क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। जीरापुर-सुसनेर मार्ग पर स्थित ताखला में कालीसिंध नदी के रौद्र रूप से त्रिवेणी संगम का झरना बेहद खूबसूरत और मनमोहक नजर आया। इस नजारे को देखने के लिए लोग भी पहुंच रहे हैं। बारिश और जलभराव की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीणा ने स्कूलों में अवकाश घोषित कर सतर्क रहने की अपील की है।



सात घंटे में 2 इंच से अधिक वर्षा

नगर सहित तहसील क्षेत्र में वर्षा का यह दौर रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात लगभग 1 बजे प्रारम्भ हुआ। रात्रि 1 बजे से सोमवार सुबह 8 बजे कुल 7 घंटे में 54 मिमी (2.12 इंच) वर्षा दर्ज की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र में सोमवार प्रातः 8 बजे तक कुल 603 मिमी (23.74 इंच) वर्षा दर्ज की जा चुकी है। गत वर्ष इसी समयावधि में 436 मिमी (17.16 इंच) वर्षा हुई थी।

अपील, बांध से पानी छोड़े जाने के दौरान नदी के आसपास न जाएं

तहसील के ग्राम गोठड़ा के समीप बने कुंडलियां बांध के कैचमेंट क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के चलते बांध के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जलस्तर को देखते हुए सोमवार को बांध के 11में से 6 गेट खोले गए। इन गेटों से 3366.202 क्यूसेक पानी डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में छोड़ा गया। बांध से पानी छोड़े जाने के मद्देनजर प्रशासन ने अनुरोध किया कि डाउनस्ट्रीम में आने वाले ग्रामों में समय रहते उचित सूचना एवं सतर्कता संबंधी जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी या अप्रिय स्थिति का सामना न करना पड़े। वहीं ग्रामीणों से अपील की गई है कि बांध से पानी छोड़े जाने के दौरान नदी के आसपास न जाएं और नदी पार करने का प्रयास बिल्कुल न करें। जलस्तर बढ़ने की स्थिति में विशेष सावधानी बरतें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। प्रशासन द्वारा चेतावनी देकर अलर्ट भी जारी किया गया है।

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर और अधिक प्रभावी बनेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले में आगामी शिविरों को और अधिक प्रभावी बनाने की तैयारी की जा रही है। सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्य शिविर के पूर्व दिवसों में ही अपनी विभाग संबंधी समस्याएं और शिकायतो का निराकरण पूर्व तैयारी के रूप में कर लिया जाए जिससे कि लक्ष्य शत प्रतिशत हासिल किये जा सके। कलेक्टर ने बैठक में शासकीय विभागों द्वारा संचालित योजनाओं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जेन, संयुक्त कलेक्टर प्रीति संघवी, एसडीएम शुभम पाटीदार तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का जिले में क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी ढंग से आगामी दिनों किया जाना है अभियान के अंतर्गत शिविर में दिव्यांगों के कल्याण संबंधी कार्य, जाति प्रमाण पत्र तथा हितग्राहियों को लाभान्वित करने संबंधी कार्य किए जाने हैं। अधिकारी मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण का कार्य भी अभियान भ्रमण के दौरान करेंगे इसके लिए अधिकारी पहले से ही तैयारी रखें अपनी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को संबंधित क्षेत्र के लिए पूर्व से ही लिस्टेड कर ले। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत उद्यम संवाद के अलावा वे हितग्राही भी उपस्थित रहेंगे जिन्होंने उपलब्धियां अर्जित की है। कलेक्टर द्वारा शिविर स्थल पर पर्याप्त संख्या में वालंटियर तैनात करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने विगत समय सीमा बैठक में दिए गए निर्देशों का फॉलो अप भी इस बैठक में लिया। विगत निर्देशों के पालन में अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत हुए। इस तारतम्य में जर्जर मकानो को ध्वस्त करने की कार्रवाई का फीडबैक लिया, वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव के संभावित स्थलों की जानकारी प्राप्त की, जलभराव के दौरान वैकल्पिक व्यवस्थाओं के संबंध में नियोजित ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए नगर पालिकाओं द्वारा की जाने वाली कर वसूली की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर द्वारा सार्थक ऐप पर अटेंडेंस, कोर्ट में अवमानना प्रकरणों की स्थिति, पीएम श्रम योगी मानधन योजना के तहत पंजीयन के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए, हर घर तिरंगा अभियान के तहत किए जाने वाले आयोजनों के संबंध में सीईओ जिला पंचायत जैन द्वारा अवगत कराया गया।

त्योहारों का आयोजन परंपरागत व सौहार्दपूर्ण ढंग से होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि आगामी सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाएं जायेगे। त्यौहारों का आयोजन परम्परागत रूप से एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से होगा। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, एएसपी बघेल एवं शांति समिति के सदस्य, मौजूद थे।

बैठक के दौरान आगामी दिनों में आने वाले पर्वो हरियाली अमावस्या, तृतीय श्रावण सोमवार श्री पशुपतिनाथ पालकी, नांगपंचमी, अंतिम श्रावण सोमवार पशुपतिनाथ राजसी सवारी, ईद मिलाद उन नबी, रक्षा बंधन, श्रावण पूर्णिमा, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गोगा नवमी, रामदेव जयंति, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी एवं गणेश विसर्जन आदि पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं पर सदस्यों से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने संबंधी विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अंतिम श्रावण सोमवार, शाही सवारी, रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गोगा नवमी, गणेश चतुर्थी, गणेश उत्सव, डोल ग्यारस, मिलाद उल नबी, अनंत चतुर्दशी इत्यादि पर्वों पर की जाने वाले शांति व्यवस्था पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पारंपरिक वाद्य यंत्र, ढोल इत्यादि का प्रयोग करना चाहिए।

डीजे का उपयोग करने से हमें बचना चाहिए। पारंपरिक रीति रिवाज को अपनाने में शासन की भी मदद ले सकते हैं। इसके साथ आयोजक मंडल नवीन व्यवस्थाओं एवं जहां पर ट्रैफिक की समस्या रहती है, वहां पर नवीन मार्गों को भी उपयोग कर सकते हैं। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग से आम जनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। आयोजन कर्ता आयोजन के दौरान वोलेंटियर नियुक्त करें। वोलेंटियर अधिक से अधिक व्यवस्था देखे इसके लिए उन्हें प्रेरित करें। शाही सवारी के दौरान सवारी सुचारू रूप से चले, जिससे समय पर मंदिर परिसर में सवारी पहुंच जाए। इसका विशेष तौर पर ध्यान रखें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए की सवारी मार्ग पर कोई अतिक्रमण नहीं हो कोई जर्जर मकान नहीं हो सकंड़े रास्ते और गलियों का ध्यान रखा जाए, कोई पुरानी गाड़ियां नहीं खड़ी हो, स्वच्छता सु निश्चित की जाए कोई निर्माण कार्य राह में हो तो समय रहते बाधा हटा लि जाये, सवारी के दौरान मेडिकल एंबुलेंस की उचित व्यवस्था रखी जाएगी, पेयजल की भी व्यवस्था रहेगी यातायात प्रबंधन सुनियोजित ढंग से रहेगा।



फेडरेशन के शपथ ग्रहण समारोह में प्रशास्ति पत्र प्रदान किए

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप नलखेड़ा ने तिरंगा रील प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप नलखेड़ा द्वारा इंदौर में आयोजित सोशल ग्रुप फेडरेशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया गया। जहां पर नलखेड़ा ग्रुप ने हर घर तिरंगा-हर दिल तिरंगा अभियान में फेडरेशन द्वारा आयोजित संदेशात्मक तिरंगा रील प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान बनाया गया। नलखेड़ा ग्रुप को मंच के माध्यम से फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

रविवार को इंदौर में जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन के शपथ ग्रहण समारोह में नलखेड़ा ग्रुप के दंपति सदस्यों द्वारा सहभागिता कर हर घर तिरंगा-हर दिल तिरंगा अभियान में फेडरेशन द्वारा आयोजित संदेशात्मक तिरंगा रील प्रतियोगिता में ग्रुप के साथ भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप नलखेड़ा अध्यक्ष अमित तांतेड़,फेडरेशन के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रशांत सकलेचा,नीलेश लोढ़ा एवं ग्रुप सदस्य राकेश दुग्गड़,अभय मुणोत,सुरेश ठाकुरिया, विनोद ओस्तवाल,पंकज भंडारी उपस्थित रहे। इन दंपति सदस्यों को जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप फेडरेशन के नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष जैन मामा तथा अन्य पदाधिकारियो द्वारा प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आनंदसागर महाराज की जयंती पर गुणानुवाद सभा व जीवदया का आयोजन

नलखेड़ा। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा आगमोद्वारक श्री आनंदसागर सूरीश्वर महाराजा की जन्म जयंती के अवसर पर गुणानुवाद सभा एवं जीवदया का आयोजन किया जा रहा है। जैन समाज में इस वर्ष कलिकुण्ड तीर्थोद्धारक राजेन्द्रसूरीश्वर महाराजा की आज्ञानुवर्ती राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा-4 का चातुर्मास चल रहा है। साध्वी मंडल की पावन निश्रा में 12 अगस्त हरियाली अमावस्या को प्रातः 9:30 बजे से 10:30 बजे तक जैन आराधना भवन हनुमान मंडी पर आगमोद्वारक श्री आनंदसागर सूरीश्वर महाराजा की जन्म जयंती के अवसर पर गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें पूज्य साध्वीजी एवं समाज जनों द्वारा पूज्य आचार्य भगवंत के जीवन पर प्रकाश डाला जावेगा। कार्यक्रम में 5 लक्की ड्रॉ भी रखे गए। जन्म जयंती के अवसर पर समाज के युवाओं द्वारा बाजार में घूम रही गौ माता तथा गौशाला में पहुंच कर जीवदया का कार्य किया जाएगा। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक ट्रस्ट मंडल द्वारा सभी श्रावक-श्राविकाओं से आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गुरुदेव की जन्म जयंती को श्रद्धा, भक्ति एवं आनंदपूर्वक मनाए जाने का अनुरोध किया है।



40 दिवसीय तप हुआ प्रारंभ

चातुर्मास के दौरान साध्वी की प्रेरणा से समाज में 7 अगस्त से सम्मेद शिखरजी पर मोक्ष प्राप्त करने वाले 20 तीर्थंकर भगवानों के निमित्त तप प्रारंभ किया गया है। यह तप 40 दिनों तक चलेगा जिसमें एक दिन उपवास तथा एक दिन बायसना रखा गया है। इस तरह इस तप में भाग लेने वाले आराधक को 20 दिन उपवास तथा 20 दिन बायसना करना होगा। 9 अगस्त को 22 तपस्वी को उपवास थे जिनका बायसना एवं प्रभावना 10 अगस्त को लाभार्थी मनोहरलाल, मुकेशकुमार, मनीषकुमार फाफरिया परिवार की ओर से रखा गया था।

प्रभारी मंत्री ने सुसनेर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का किया अनावरण

'सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

केंद्र एवं प्रदेश सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया गया है। सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

यह बात आगर-मालवा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने रविवार को सुसनेर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। प्रभारी मंत्री ने सुसनेर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर नगर परिषद द्वारा स्थापित एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने प्रभारी मंत्री का पुष्पमाला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जयदीप पटेल, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, लालजी राम मालवीय, नगर पालिका आगर अध्यक्ष नीलेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रहित को केंद्र में रखते हुए एकात्म मानववाद का दर्शन दिया। उनका ह्यअंत्योदयह्ण का विचार आज भी शासन की जनकल्याणकारी नीतियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक उद्देश्य तभी सार्थक है, जब उसका लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। इसी भावना के साथ सरकार गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रभारी मंत्री चौहान ने कहा कि सुसनेर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थापित होना क्षेत्रवासियों के लिए गौरव का विषय है। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों, आदर्शों एवं राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरणा प्रदान करेगी।



जनविश्वास शिविर में समस्याओं का होगा निराकरण

प्रभारी मंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026 संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आयोजित जनविश्वास शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य भी किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से आह्वान किया कि वे मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविरों में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखें तथा पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

डिवाइडर रोड के लिए शासन स्तर पर हरसंभव प्रयास का आश्वासन

प्रभारी मंत्री चौहान ने नगर परिषद अध्यक्ष की मांग पर डाक बंगला से हाथी दरवाजा तक डिवाइडर रोड निर्माण के संबंध में शासन स्तर से हरसंभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया।

खबर संक्षेप

मातमौर के शुभम का यूपीएससी सीएपीएफ में हुआ चयन



चापडा। नगर के होनहार युवा शुभम यादव चापडा (मातमौर)ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित CAPF 2025 परीक्षा में प्रथम प्रयास में ऑल इंडिया रैंक 112 प्राप्त कर असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयनित होकर अपने परिवार, मातमौर एवं देवास जिले को गौरवान्वित किया है। शुभम यादव का बचपन मातमौर में अपने नानिहाल हीरालाल यादव एवं मामा बाबूलाल यादव और राजेश यादव (राजा-बाबू) के स्नेह एवं मार्गदर्शन में बीता। शुभम ने जवाहर नवोदय विद्यालय, देवास से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की शिक्षा पूर्ण की। आगे चलकर उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी एवं एमएससी की शिक्षा प्राप्त की। शुभम के पिता कन्हैयालाल यादव एवं माता कांता बाई यादव, ग्राम चापड़ा के निवासी हैं।

स्व. भाटिया 'कालू भैया' की स्मृति में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



कांटाफोड़। स्व. राजेन्द्र सिंह भाटिया 'कालू भैया' की 37वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सुजान परिवार द्वारा दी सुजान पब्लिक स्कूल, कांटाफोड़ में श्रद्धांजलि एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में नगर एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में एमवाय इंदौर की ब्लड बैंक टीम विशेष रूप से मौजूद रही। शिविर में एकत्रित रक्त को एमवाय हॉस्पिटल इंदौर की ब्लड बैंक टीम द्वारा सुरक्षित रूप से इंदौर ले जाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गणपत पटेल, शैलेश होलानी, मनोज होलानी, नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश अमोदिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

झरनेश्वर से कुलाला तक निकलेगी कांवड़

भौरासा। श्रावण के पवित्र माह में विभिन्न संस्था अपने अपने क्षेत्र में कांवड़ यात्रा निकालकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करती हैं। इसी के तहत सोनकच्छ, टोंकखुर्द, भौंरासा की सबसे बड़ी कांवड़ यात्रा झरनेश्वर से कुलाला तक निकाली जा रही है। यात्रा संयोजक तेज़ यादव ने बताया की प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी झरनेश्वर महादेव मंदिर से कुलाला बाबा मनकमनेश्वर मंदिर तक भव्य कावड़ यात्रा 23 अगस्त रविवार को निकाली जाएगी। कुलाला में बाबा मनकामनेश्वर का जलाभिषेक किया जाएगा।

मेयर इन काउंसिल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

शहर की जलप्रदाय व्यवस्था अब संभालेगा नगर निगम, एमआईसी ने दी स्वीकृति

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत 130 हितग्राहियों की सूची को भी मिली स्वीकृति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक सोमवार को निगम बैठक हाल में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में एमआईसी सदस्य गणेश पटेल, धर्मेन्द्रसिंह बैस, शीतल गेहलोत, जितेन्द्र मकवाना, ममता बाबू यादव सहित निगमायुक्त दलीप कुमार उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत महापौर गीता अग्रवाल की अनुमति से सचिव एवं उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया द्वारा विचारार्थ रखे गए विभिन्न प्रकरणों के क्रमवार वाचन के साथ हुई। इस दौरान एमआईसी सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

आईएचपी का अनुबंध समाप्त, निगम संभालेगा जलप्रदाय व्यवस्था

शहर में जल वितरण को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों तथा जलप्रदाय व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं होने के चलते मेयर इन काउंसिल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इण्डियन ह्यूम पाइप (आईएचपी) द्वारा संचालित जलप्रदाय व्यवस्था का अनुबंध समाप्त कर उसका हस्तांतरण निगम को प्राप्त करने तथा आगे जलप्रदाय व्यवस्था नगर निगम द्वारा संचालित किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

एनयूएलएम के संविदा कर्मचारियों का अनुबंध होगा नवीनीकृत

निगम के एनयूएलएम विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की वर्तमान सेवाएं निरंतर रखते हुए उनके साथ नवीन अनुबंध किए जाने के प्रस्ताव को भी एमआईसी ने मंजूरी प्रदान की।

कालानीबाग में बनेगा मुखर्जी उद्यान

वार्ड क्रमांक 23 के कालानीबाग ए सेक्टर स्थित उद्यान में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित करने तथा उद्यान का नामकरण 'डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्यान' किए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली।

दो प्रमुख मार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण को मंजूरी

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक तथा बीमा तिराहे से कर्मदीप चौराहे तक सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, डिवाइडर, स्ट्रॉम वाटर ड्रेन, स्ट्रीट लाइट और पाथवे निर्माण कार्य के संबंध में महापौर की पुष्टि की प्रत्याशा में प्राप्त स्वीकृति को भी एमआईसी ने अनुमोदित किया। निगम की विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के अनुसार उपयंत्रियों एवं मानचित्रकारों की सहायक यंत्री के पद पर पदोन्नति संबंधी प्रस्ताव को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

पीएम आवास योजना के 130 हितग्राहियों की सूची मंजूर

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत 130 हितग्राहियों की सूची को भी मेयर इन काउंसिल ने स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा महापौर की अनुमति से रखे गए अन्य विषयों पर भी चर्चा के बाद एमआईसी ने प्रस्तावों को मंजूरी दी। बैठक के समापन पर महापौर, एमआईसी सदस्यों, निगमायुक्त एवं उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान किया। बैठक में उपायुक्त जाकिर जाफरी, उपायुक्त आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में बैठक का आभार सचिव एवं उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया ने व्यक्त किया।

तेज रफ्तार फार्च्यूनर कार ने बाइक सवारों को रौंदा

खंडवा जिले के दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के सतवास थाना क्षेत्र में सतवास-पुनासा मार्ग पर ग्राम बाईजगवाड़ा के पास तेज रफ्तार फार्च्यूनर कार के चालक ने सोमवार शाम बाइक सवारों को रौंद दिया इसके बाद कार मक्के के खेत में घुस गई। हादसे में गंभीर चोट लगने से बाइक सवार खंडवा जिले के निवासी दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को अस्पताल पहुंचाया गया।मामले में केस दर्ज करके जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार का चालक नशे में होना बताया गया है। हादसे में जहां बाइक (एमपी 12 एमवाय 9150) पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं कार के अगले हिस्से में भी नुकसान हुआ है। सतवास थाना पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 35 वर्षीय नितेश पुत्र काशीराम डावर, 34 वर्षीय शक्ति पुत्र नान सिंह डावर दोनों निवासी बायफल पुनासा थाना नर्मदानगर खंडवा के रूप में हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार बहुत तेज गति में थी, बाइक को चपेट में लेकर काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। जिस समय हादसा हुआ उस दौरान बागली विधायक मुरली भंवरा क्षेत्र के भ्रमण पर थे।हादसे की जानकारी मिलने के बाद वो भी मौके पर पहुंचे और लोगों से चर्चा कर जानकारी ली, कई लोगों ने वाहनों की तेज गति पर अंकुश लगाने के उपाय किए जाने की मांग रखी।


मां चामुण्डा टेकरी पर 28 नए सीसीटीवी कैमरे लगे, अब 87 कैमरों से निगरानी



देवास। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रण के लिए प्रसिद्ध माता टेकरी पर 28 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनके लगने के बाद अब पूरी टेकरी 87 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगी। यह व्यवस्था आगामी नवरात्रि के दौरान बढऩे वाली भीड़ को संभालने के लिए की गई है। नए कैमरे टेकरी के प्रमुख प्रवेश द्वारों और उन जगहों पर लगाए गए हैं, जहां नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा रहती है। कैमरों का एक्सेस कोतवाली थाने और पुलिस कंट्रोल रूम में भी रहेगा। इससे टेकरी पर श्रद्धालुओं की आवाजाही और भीड़ की स्थिति पर सीधे नजर रखी जा सकेगी। पुलिस टीम कैमरों के जरिए टेकरी पर लगातार नजर रखेगी। किसी जगह भीड़ बढऩे पर वहां तैनात पुलिसकर्मियों से तुरंत संपर्क किया जा सकेगा। इसके जरिए भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद शर्मा ने बताया कि टेकरी पर 28 नए कैमरे लगाए गए हैं। इनका एक्सेस थाने और पुलिस कंट्रोल रूम दोनों जगह रहेगा। वीडियो मॉनिटरिंग के जरिए व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी।

जिला अस्पताल में एचआईवी/एड्स संबंधी प्रशिक्षण हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अस्पताल में एचआईवी/एड्स संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एचआईवी/एड्स के चार प्रमुख कारणों, संक्रमण से बचाव के उपायों, स्क्रीनिंग एवं टेस्टिंग की प्रक्रिया तथा निःशुल्क परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही एचआईवी एक्ट 2017 के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक कर उन्हें समुदाय स्तर पर सही जानकारी प्रदान करने, बचाव के उपायों के प्रचार-प्रसार तथा समय पर जांच एवं उपचार के लिए लोगों को प्रेरित करने में सक्षम बनाना रहा। इस दौरान एचआईवी से संक्रमित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, नियमों के उल्लंघन पर दंडात्मक प्रावधान तथा सहायता एवं परामर्श के लिए टोल फ्री नंबर 1097 की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया गया कि गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में एचआईवी एवं वी.डी.आर.एल. जांच अनिवार्य रूप से करें। प्रशिक्षण में तीन माह पश्चात पुनः स्क्रीनिंग किए जाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही गर्भावस्था के दौरान एचआईवी के साथ हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, एनीमिया प्रबंधन एवं टीबी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। प्रशिक्षण नोडल अधिकारी डॉ. अमरीन शेख द्वारा दिया गया।

पीठाधीश्वर स्वामी विष्णु प्रपंन्याचार्य का नगर में हुआ मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर आगमन परपरम पूज्य अनंत श्री विभूषित श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री नागोरिया पीठाधीश्वर पावन सिद्ध धाम श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग इंदौर स्वामी श्री विष्णु प्रपंन्नायाचार्य महाराज का मंगल आगमन हुआ। स्वामी जी की अगवानी समाज बंधुओ ने की और कई गाड़ियों के काफिले के साथ उन्हें भौरासा नगर मे लाया गया। छोटा हनुमान चौक पर पंचमुखी हनुमान मंदिर पर दर्शन पूजन कर शोभा यात्रा के रूप में स्वामी अनिल मंत्री के निवास पर पहुंचे।उनके साथ हरिद्वार से स्वामी दिव्यांशु महाराज भी पधारे। रात्रि में झूलन महोउत्सव महेश्वरी समाज धर्मशाला पर आयोजित किया गया जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक द्वारका मंत्री ने अपने भजनों की प्रस्तुति दी। दूसरे दिन नगर के श्याम बजाज, प्रदीप बजाज, रमेशचंद्र जाजु ,राहुल मुंदडा, रमेशचंद्र इनानी,प्रकाश मंत्री, महेश मंत्री,अशोक नागर, सहित सभी भक्तों के घर स्वामीजी का पाद पूजन हुआ।

बागली में झांकी के साथ निकाली महिला कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सावन माह के दूसरे सोमवार को बागली में राधा कृष्ण, शिव पार्वती झांकी के साथ महिला कावंड़ यात्रा का आयोजन किया गया। ओम महाशक्ति ग्रुप एवं विपिन शिवहरे मित्र मंडल बागली के तत्वाधान में नगर में महिला कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जो की प्राचीन शंकर मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जटाशंकर तीर्थ स्थल पहुंची जहां पर यात्रा का समापन किया गया।

इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे, किन्नर रविना भवाजी, आयोजन कर्ता विपिन शिवहरे मित्र मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। नगर भ्रमण के दौरान नूरी अंजुमन इस्लामिया कमेटी बागली द्वारा मातृशक्ति कावड़ यात्रा का आत्मीय अभिनंदन किया गया। मातृ-शक्तियों द्वारा भी कमेटी का धन्यवाद करते हुए अपनी ओर से भी स्वागत किया गया। विपिन शिवहरे ने बताया कि मंडल के सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से प्रतिवर्ष महिला कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है जिसमें नगर के सभी महिलाओं का भी सहयोग मिलता है। इस दौरान फिरोज खान, महेश सोनी, कमल यादव, रईस पठान, कादर खान, पप्पू टेलर, सकील पठान, शीला राठौर आदि उपस्थित रहे।

अखंड भारत संकल्प दिवस पर निकली तिरंगा व मशाल यात्रा

कार्यक्रम में वर्तमान और भूतपूर्व सैनिकों का किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

अखंड भारत संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में हिंदू जागरण मंच खंड सोनकच्छ के तत्वावधान में नगर में तिरंगा एवं मशाल यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगर के राष्ट्रप्रेमी नागरिकों, मातृशक्ति, हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं, दुर्गा वाहिनी की बहनों तथा वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिकों ने सहभागिता की। यात्रा का शुभारंभ बस स्टैंड से हुआ और यात्रा महाराणा प्रताप चौक तक निकाली गई। यात्रा में भारत माता की झांकी, ढोल-डीजे, तिरंगा ध्वज एवं मशाल आकर्षण का केंद्र रहे। यात्रा मार्ग में गोवा आंदोलन के बलिदानी राजा भाव महाकाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को नमन किया गया। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया गया।

महाराणा प्रताप चौक पर हुआ कार्यक्रम

महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पीठाधिपति महंत लवचन्द दास उदासीन का सानिध्य रहा। उन्होंने अपने ओजस्वी उद्बोधन में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए समाज को जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच मालवा प्रांत के पदाधिकारी राजपाल जोशी, अपर्णा शर्मा एवं दिनेश राठौड़ मंचासीन रहे। यात्रा संयोजक राजेश सिंह सोलंकी ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रांत पदाधिकारी राजपाल जोशी ने अखंड भारत के संकल्प को लेकर प्रबोधन दिया। वहीं अपर्णा शर्मा ने अखंड भारत की संकल्पना एवं भारत की वर्तमान स्थिति पर ओजस्वी उद्बोधन दिया।

आरती के बाद सैनिकों का सम्मान

कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती की गई। इसके बाद वर्तमान एवं भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान कर राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण एवं सेवाओं के लिए अभिनंदन किया गया। अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय ने राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं विश्व कल्याण की कामना की तथा भारतीय संस्कृति के 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के भाव को व्यक्त किया। कार्यक्रम में सोनकच्छ नगर एवं खंड के हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं राष्ट्रप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।

उल्लास अभियान के तहत हुई चित्रकला-निबंध प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

तहसील विधिक सेवा समिति सोनकच्छ द्वारा उल्लास एक अभिनव प्रयोग अभियान अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। अभियान तहत 8 अगस्त को न्यायालय सोनकच्छ में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों के लिए चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा आर्ट वर्कशॉप आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर भी मिला। इसी क्रम में न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उपस्थित लोगों की बीपी एवं आंखों की जांच की गई। इसके साथ ही शुगर, लिपिड प्रोफाइल, किडनी एवं लीवर फंक्शन टेस्ट, थायराइड, कैल्शियम और विटामिन-डी आदि की जांच के लिए रक्त के नमूने लिए गए।तहसील विधिक सेवा समिति ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का उद्देश्य न्यायालयीन परिवार से जुड़े बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना तथा न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

खबर संक्षेप

ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर मारपीट

ललितपुर। कस्बा तालबेहट के मोहल्ला चौबयाना में घर के दरवाजे पर ई-रिक्शा खड़ा करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि ई-रिक्शा खड़ा करने का विरोध करते हुए पड़ोसी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर थाना तालबेहट पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला चौबयाना निवासी तेज सिंह पुत्र गजराज सिंह, उम्र करीब 42 वर्ष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार रात करीब 9.30 बजे वह सब्जी मंडी के पास स्थित अपने घर के दरवाजे पर ई-रिक्शा खड़ा कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी कमलेश पुत्र महेश झां ने वहां ई-रिक्शा खड़ा करने पर आपत्ति जताई और गाली-गलौज करने लगा। तेज सिंह द्वारा गाली-गलौज करने से मना करने पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद कमलेश, संतोष नामदेव पुत्र ग्यासीराम नामदेव और संजू उर्फ संजय नामदेव ने एकजुट होकर तेज सिंह के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर तेज सिंह को आरोपियों से बचाया। आरोप है कि इसके बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना में तेज सिंह को चोटें आई हैं।

ट्रेन में सो रही महिला का लैपटॉप बैग चोरी

ललितपुर। दक्षिण एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला डॉक्टर का लैपटॉप बैग अज्ञात चोर ने पार कर दिया। घटना उस समय हुई जब महिला डॉक्टर ट्रेन के बी-3 कोच में अपनी बर्थ पर सो रही थीं। ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने से कुछ मिनट पहले नींद खुलने पर सीट से लैपटॉप बैग गायब मिला। बैग में करीब 80 हजार रुपये कीमत का डेल कंपनी का लैपटॉप रखा था। पीड़ित के पिता की तहरीर पर जीआरपी थाना ललितपुर ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भोपाल निवासी विनोद कुमार पांडे ने जीआरपी को दी तहरीर में बताया कि उनकी 33 वर्षीय बेटी डा.दीक्षा पांडे एक जुलाई 2026 को ट्रेन संख्या 12722 दक्षिण एक्सप्रेस से मथुरा से भोपाल की यात्रा कर रही थीं। वह ट्रेन के बी-3 कोच की बर्थ संख्या 36 पर सवार थीं। यात्रा के दौरान डा.दीक्षा ने अपना लैपटॉप बैग सीट पर रखा और सो गईं। आरोप है कि इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर सीट पर रखा लैपटॉप बैग चोरी कर लिया। ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने से करीब पांच मिनट पहले डा.दीक्षा की नींद खुली तो सीट पर रखा काले रंग का डेल कंपनी का लैपटॉप बैग गायब था। उन्होंने कोच में आसपास काफी तलाश की, लेकिन बैग का कोई पता नहीं चला। बैग में करीब 80,000 रुपये कीमत का लैपटॉप होने की बात बताई गई है। बताया गया कि डा.दीक्षा भोपाल स्थित पीपुल्स यूनिवर्सिटी में सेमिनार में शामिल होने के लिए यात्रा कर रही थीं। वह स्वयं जीआरपी थाने नहीं पहुंच सकीं। इसके बाद उनके पिता विनोद कुमार पांडे ने घटना की लिखित शिकायत दी।

नझाई बाजार में जाम की समस्या दूर करने के लिए लिया गया निर्णय

थोक फल और सब्जी विक्रेता ही अमरपुर मंडी में शिफ्ट, फुटकर विक्रेता पुराने स्थल पर ही रहेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नझाई बाजार में फल-सब्जी मंडी को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि अमरपुर मंडी में केवल फल-सब्जी के थोक विक्रेताओं को स्थानांतरित किया गया है। फुटकर विक्रेताओं को शिफ्ट नहीं किया गया है। फुटकर विक्रेता अपने वर्तमान स्थानों पर ही फल-सब्जी की बिक्री करते रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में नझाई बाजार स्थित फल-सब्जी मंडी में ट्रक, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों के अनियंत्रित तरीके से खड़े होने और अत्यधिक भीड़ के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। इससे स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं, एंबुलेंस और आम राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। डीएम ने बताया कि नझाई बाजार में फल-सब्जी बिक्री वाले स्थान पर ट्रैफिक जाम की समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से वहां के थोक फल-सब्जी विक्रेताओं को अमरपुर स्थित मंडी में स्थानांतरित किया गया है।

वहीं फुटकर विक्रेताओं को उनके पूर्व स्थानों से हटाया नहीं गया है। जिलाधिकारी के अनुसार कैलगुवां चौराहा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज बन जाने से फल-सब्जी लेकर आने वाले वाहनों को शहर के भीतर प्रवेश करने के बजाय सीधे अमरपुर मंडी पहुंचने में सुविधा होगी। इससे शहर में भारी वाहनों का दबाव और यातायात संबंधी परेशानी भी कम होने की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि अमरपुर मंडी में पर्याप्त स्थान और चबूतरे उपलब्ध हैं, जहां व्यापारी स्टॉल लगाकर फल-सब्जी की बिक्री कर सकेंगे। व्यापारियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ने से आम नागरिकों और खरीदारों को उचित दर पर फल-सब्जी उपलब्ध होने की संभावना है। वहीं किसानों को भी अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने नगरवासियों से अपील की है कि मंडी को लेकर किसी प्रकार के भ्रम में न रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि फुटकर विक्रेताओं को उनके स्थान से हटाया नहीं गया है और वह यथावत फल-सब्जी बेचते रहेंगे। जिला प्रशासन का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि शहर सभी का है और इसे स्वच्छ, व्यवस्थित एवं जाममुक्त बनाने में नागरिक जिला प्रशासन का सहयोग करें।

पटसेमरा के ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अंबेडकर पार्क की आरक्षित भूमि की पैमाइश कराकर बाउंड्रीवाल बनवाने की मांग की



ललितपुर। ब्लॉक बिरधा क्षेत्र के ग्राम पटसेमरा के ग्रामीणों ने गांव में अंबेडकर पार्क के लिए आरक्षित भूमि की पैमाइश कराकर उसकी बाउंड्रीवाल का निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि पार्क के लिए भूमि आरक्षित होने के बावजूद अभी तक उसकी विधिवत पैमाइश नहीं कराई गई है, जिसके चलते भूमि का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि ग्राम पटसेमरा में अंबेडकर पार्क के लिए भूमि आरक्षित की गई है। अभिलेखों के अनुसार आरक्षित भूमि में अराजी नंबर 756/3 का रकबा 0.162 हेक्टेयर तथा अराजी नंबर 756/4 का रकबा 0.077 हेक्टेयर है। दोनों भूखंडों का कुल रकबा 0.239 हेक्टेयर है। ग्रामीणों ने कहा कि आरक्षित भूमि की मौके पर पैमाइश कराकर उसकी सीमाएं स्पष्ट की जाएं। इसके बाद अंबेडकर पार्क की भूमि की सुरक्षा के लिए चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए, जिससे आरक्षित भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर भूमि की शीघ्र पैमाइश कराई जाए और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि इससे गांव में सार्वजनिक उपयोग के लिए आरक्षित भूमि सुरक्षित हो सकेगी और भविष्य में यहां पार्क का समुचित विकास कराया जा सकेगा। सामूहिक ज्ञापन ग्राम पटसेमरा, ब्लॉक बिरधा के जालमप्रसाद, कैलाश, निर्मल, गोरेलाल, जितेन्द्र, विजरा, महेंद्र, चुन्नति, भूपेन्द्र कुमार, भागीरथ, दशरथ, अर्जुन, शकील, मलकखान, बलराम, खुबचंद्र, शिवम, राजकुमार, जितेन्द्र, महेश, नीतू और धनीराम सहित अन्य ग्रामीणों के नाम व हस्ताक्षर दर्ज हैं।

स्कूल पर मनमानी के आरोप

फीस नहीं भर पाने पर छात्र को टीसी देने से इनकार खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई की संस्तुति की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर क्षेत्र में संचालित एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधन पर फीस को लेकर मनमानी करने और छात्र को ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) देने से इनकार करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद खंड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र ने मामले की रिपोर्ट बीएसए को भेजते हुए विद्यालय के विरुद्ध उचित कार्रवाई की संस्तुति की है। मामला नीमखेड़ा मड़ावरा (परसाटा) निवासी कस्तूरी पत्नी स्व. सुरेश से जुड़ा है। शिकायती पत्र के अनुसार, उनके पुत्र अभिषेक ने अक्टूबर 2025 के बाद से विद्यालय जाना बंद कर दिया था। छात्र के पिता का निधन हो चुका है और परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह पूरे वर्ष की फीस जमा कर सके। शिकायत में बताया गया कि छात्र की कक्षा सात की टीसी पहले जमा की गई थी, जिसे अब छात्र की मां वापस लेना चाहती हैं। वहीं, छात्र द्वारा कक्षा आठ की एक तिमाही की फीस भी जमा की जा चुकी है। इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन ने पूरे वर्ष की फीस जमा किए बिना टीसी देने से इनकार कर दिया। शिकायत के संबंध में विद्यालय में कार्य देख रहे एक सर जिनका नाम पृथ्वी बताया जा रहा है, से टीसी देने को लेकर वार्ता की गई, लेकिन आरोप है कि उन्होंने बिना पूरी फीस जमा किए टीसी देने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। इसके बाद छात्र की मां ने मामले की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी से की।

खंड शिक्षा अधिकारी की ओर से बीएसए को भेजी गई रिपोर्ट में विद्यालय के संबंध में अन्य शिकायतों का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, संबंधित विद्यालय द्वारा कार्यालय से भेजी जाने वाली डाक आदि को स्वीकार नहीं किया जाता तथा कार्यालयीय आदेशों का अनुपालन भी नहीं किया जा रहा है।

ई-रिक्शा चालक से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का आरोप

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में रामलीला मैदान के पास एक ई-रिक्शा चालक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। तालाबपुरा (बड़े गेट के अंदर) निवासी 35 वर्षीय राजू विश्वकर्मा पुत्र रतिराम विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। पीड़ित के अनुसार, 6 अगस्त 2026 की रात करीब नौ बजे वह रामलीला मैदान के पास मौजूद था।

इसी दौरान लल्ला कुशवाहा का पुत्र वहां पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि युवक ने राजू को जबरन ई-रिक्शा में बैठाकर अपनी मनचाही जगह छोड़ने का दबाव बनाया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि जाते समय आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया। पुलि\स को बताया कि घटना के दौरान उसका करीब 8 से 9 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन भी कहीं गिर गया अथवा गायब हो गया। उसने आरोपी पर दबंग किस्म का होने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया है।

सामाजिक एकता व जनहित के कार्य करने का लिया संकल्प

बुंदेलखंड जागृति मंच का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों को समर्पित नवगठित गैर राजनीतिक संगठन बुंदेलखंड जागृति मंच का विधिवत शुभारंभ गोविंद सागर डैम की तलहटी में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, शिक्षक, अधिवक्ता, साहित्यकार तथा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने सहभागिता की।

नवगठित संगठन का उद्देश्य बुंदेलखंड क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता बढ़ाना, आपसी भाईचारा एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा जनहित से जुड़े कार्यों को बढ़ावा देना है। मंच को गैर राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित किया गया है। संगठन की ओर से सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोगों को साथ लेकर चलने तथा सभी महापुरुषों के प्रति सम्मान की भावना रखते हुए समाज को एकजुट करने की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम के दौरान बुंदेलखंड जागृति मंच की कार्यकारिणी एवं संरक्षक मंडल की घोषणा भी की गई। संरक्षक मंडल में सेवानिवृत्त शिक्षक संजय श्रीवास्तव एवं रामशरण निराला (बाबूजी) को शामिल किया गया। मंच में डा.रक्षपाल सिंह को प्रबंधक/महामंत्री, नीरज जैन कामरेट को जिलाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह राठौड़ को कोषाध्यक्ष, रामरक्षपाल सिंह शिक्षक को संगठन मंत्री, मंजीत सिंह सरदार वरिष्ठ समाजसेवी को जिला उपाध्यक्ष, बालक दास अहिरवार शिक्षक को सांस्कृतिक मंत्री तथा धनसिंह राजपूत शिक्षक को ऑडिटर की जिम्मेदारी सौंपी गई। मंच के संस्थापक सदस्यों में इंद्रपाल सिंह तालगांव समाजसेवी, बॉबी राजा समाजसेवी, तिलक सिंह समाजसेवी, शिवचरण अहिरवार शिक्षक, अखिलेश राजपूत शिक्षक, अमर सिंह बुंदेला, हरिशंकर रजक समाजसेवी, देवेंद्र पुरोहित शिक्षक, कमलेश राजपूत एड., दिनेश राजपूत शिक्षक आदि मौजूद रहे।

बिना पक्ष सुने हेरफेर करने का आरोप लगाया

चकबंदी में धांधली का आरोप, किसानों ने डीएम से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



तहसील सदर क्षेत्र के ग्राम अंडेला के किसानों और ग्रामवासियों ने सोमवार को जिलाधिकारी को सामूहिक प्रार्थना-पत्र सौंपकर चकबंदी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की शिकायत की।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चकबंदी अधिकारी द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए चकों के निर्धारण एवं आवंटन में हेरफेर किया गया है। किसानों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने अपने शिकायती पत्र में रघुनाथ, सहदेव, इन्द्रपाल, कृष्णपाल, शिवराज सिंह, गोविन्द सिंह, महरवान, मानसिंह, लखन और भानुप्रताप सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर होने की बात कही। किसानों का आरोप है कि चकबंदी की प्रक्रिया में उन्हें पर्याप्त जानकारी दिए बिना और उनका पक्ष सुने बिना चकों में परिवर्तन कर दिया गया। इससे कई किसानों के कृषि हित प्रभावित हो रहे हैं तथा गांव में असंतोष और आपसी विवाद की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि ग्राम अंडेला में अब तक किए गए चक निर्धारण एवं आवंटन की स्वतंत्र जांच कराई जाए। इसके साथ ही चकबंदी से संबंधित अभिलेखों, नक्शों, प्रस्तावों और पारित आदेशों का गहन परीक्षण कराया जाए, ताकि कथित अनियमितताओं की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि जांच में यदि कोई चक नियमों के विपरीत अथवा गलत तरीके से काटा या बदला हुआ पाया जाता है तो उसका नियमानुसार निरस्तीकरण अथवा संशोधन कराया जाए और प्रभावित किसानों को विधिसम्मत तरीके से चक आवंटित किया जाए। किसानों ने चक परिवर्तन के नाम पर धनराशि लिए जाने के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच में यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की संलिप्तता सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों ने यह भी मांग की कि शिकायत की जांच पूरी होने तक विवादित चकों के संबंध में ऐसी कोई अग्रिम कार्रवाई न की जाए, जिससे किसानों के हित प्रभावित हों। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच होने तक वर्तमान स्थिति को बनाए रखा जाना आवश्यक है। किसानों ने प्रशासन से मामले का शीघ्र और पारदर्शी तरीके से निस्तारण कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराकर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गांव में शांति एवं सौहार्द प्रभावित हो सकता है और किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान अभद्रता का आरोप

नशे में हंगामा करने वाले व्यक्ति को रिक्रूट आरक्षी ने जड़े थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सोशल मीडिया पर रविवार, 9 अगस्त 2026 को वायरल हुए एक वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच कराई। जांच में सामने आया कि एक व्यक्ति को शराब के नशे में गाली-गलौज करने की सूचना पर डायल-112 के माध्यम से थाना कोतवाली ललितपुर लाया गया था। शांति भंग की आशंका को देखते हुए पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा था।

पुलिस के अनुसार, जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण के दौरान उक्त व्यक्ति द्वारा चिकित्सक एवं मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इसी दौरान ड्यूटी पर मौजूद एक रिक्रूट आरक्षी ने व्यक्ति को थप्पड़ मार दिए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच कराई। जांच में पुलिसकर्मी द्वारा व्यक्ति के साथ थप्पड़ मारने की कार्रवाई को घोर अनुशासनहीनता माना गया है। पुलिस विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया कि किसी व्यक्ति द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने के बावजूद ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी को निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। मामले में संबंधित रिक्रूरट आरक्षी के विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता करने वाले पुलिसकर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार द्वारा मामले की जानकारी देते हुए बयान जारी किया गया है। पुलिस की ओर से वायरल वीडियो के आधार पर सामने आए घटनाक्रम की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है।

हाईवे-44 पर ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

ललितपुर। हाईवे-44 पर रामनगर क्षेत्र के सुरईघाट चौराहे के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 21 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब महिला अपने पति के साथ बाइक से मलेरिया का इलाज कराने ललितपुर अस्पताल आ रही थी। ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम खिरिया छातारा निवासी दीपक कुशवाहा सोमवार सुबह करीब 10 बजे अपनी पत्नी भारती कुशवाहा (21 वर्ष) को मलेरिया का इलाज कराने बाइक से गांव से ललितपुर के लिए लेकर निकला था। दोनों जैसे ही हाईवे-44 पर रामनगर क्षेत्र के सुरईघाट चौराहे के निकट पहुंचे, तभी एक ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार दंपती सड़क पर जा गिरे। हादसे में भारती कुशवाहा को गंभीर चोटें आईं और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी लेते हुए महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। वहीं हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस द्वारा दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ट्रक चालक और दुर्घटना के अन्य पहलुओं के संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

आज होगा यूपी स्टेट मास्टर्स स्विमिंग ट्रायल

एशियन मास्टर्स स्विमिंग चैंपियनशिप के चयन ट्रायल में उतरेंगे अरविंद



ललितपुर। शहर के नदीपुरा निवासी एवं विकासखंड जखौरा की ग्राम पंचायत निवाहो में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत अरविंद कुमार अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैराकी प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाने जा रहे हैं। अरविंद कुमार 11 अगस्त को लखनऊ के के.डी. सिंह 'बाबूइ स्विमिंग पूल में आयोजित होने वाले यू.पी. स्टेट मास्टर्स स्वीमिंग ट्रायल 2026 में प्रतिभाग करेंगे। यह चयन ट्रायल स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इण्डिया के निर्देश पर द्वितीय यू.पी. एशियन मास्टर्स स्वीमिंग चैम्पियनशिप 2026 के लिए आयोजित किया जा रहा है। ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों के चयन का रास्ता एशियन मास्टर्स चैंपियनशिप के लिए खुलेगा। अरविंद कुमार चयन ट्रायल में कुल चार स्पर्धाओं में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इनमें 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 400 मीटर फ्रीस्टाइल शामिल हैं। इन स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन कर अरविंद का लक्ष्य एशियन मास्टर्स चैंपियनशिप के लिए अपना स्थान पक्का करना है। अरविंद कुमार के चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने की खबर से उनके विभागीय अधिकारियों, साथी कर्मचारियों, खिलाडिय़ों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। सभी ने उन्हें बेहतर प्रदर्शन के साथ चयन हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय व्यापारी दिवस पर महासम्मेलन में उठी मांग

ऋण की गारंटी देने वालों को कर्ज चुकाने के बाद बैंक ऋण सुविधा दी जाए



व्यापारी हितों के लिए केंद्र सरकार बनाए व्यापारी कल्याण आयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से कांस्टीट्यूशन क्लब, संसद मार्ग, नई दिल्ली में 45वें राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के अवसर पर व्यापारी महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन में देशभर से पहुंचे व्यापारियों ने व्यापारियों की समस्याओं, बाजारों में मूलभूत सुविधाओं और बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के समक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर और ललितपुर महामंत्री अनिल जैन ने तीन प्रमुख मांगों को लेकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दोनों पदाधिकारियों ने मंच से इन मुद्दों पर चर्चा करते हुए केंद्र सरकार से समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया था। व्यापार मंडल ने इसके लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बोर्ड को पर्याप्त कानूनी अधिकार दिए जाने की आवश्यकता है। व्यापारियों ने कहा कि लंबे समय से पूर्व सांसद एवं व्यापारी नेता पं.श्याम बिहारी मिश्रा व्यापारी कल्याण आयोग के गठन की मांग करते रहे हैं। दूसरे मुद्दे के रूप में व्यापार मंडल ने देश में सड़कों के चौड़ीकरण, फ्लाईओवर, फोरलेन और एक्सप्रेसवे के निर्माण के बावजूद पैदल चलने वाले लोगों के लिए पर्याप्त फुटपाथ नहीं होने का मुद्दा उठाया। तीसरे महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में बैंक ऋण की गारंटी देने वाले लोगों की समस्या को उठाया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा बैंक से ऋण लिए जाने पर कई बार अन्य लोगों को गारंटर बनाया जाता है। ऋण लेने वाले व्यक्ति की संपत्ति भी बैंक के पास सुरक्षा के रूप में रहती है। व्यापारी महासम्मेलन के दौरान व्यापारियों के हितों में उल्लेखनीय योगदान और संगठनात्मक कार्यों के लिए ललितपुर के उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर को राष्ट्रीय नेताओं द्वारा सम्मानित किया गया।

10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान

हम बदलेंगे, तो जग बदलेगा का संकल्प गूंजा



ललितपुर। नशे के खिलाफ अब केवल जागरूकता ही नहीं, बल्कि लोगों में नशामुक्त जीवन का संकल्प भी दिखाई देने लगा है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, वरदानी भवन की ओर से चलाए जा रहे 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत सोमवार को जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान क दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों, यात्रियों और कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। अभियान की टीम ने संस्कार प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल, श्री महावीर इंटर कॉलेज, सरस्वती ज्ञान विद्या मंदिर पाली, जिला परिषद इंटर कॉलेज पाली, श्रीमती रामकली देवी इंटर कॉलेज मड़ावरा और सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज मड़ावरा पहुंचकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। विद्यालयों के बाद अभियान की टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों और रेलवे स्टेशन पर भी लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। वहीं कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और अन्य यात्रियों ने भी अभियान का समर्थन करते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि नशा व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक शक्ति को कमजोर करने के साथ परिवार की खुशियों और समाज की प्रगति पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसलिए नशामुक्ति की शुरुआत किसी दूसरे व्यक्ति से नहीं, बल्कि स्वयं से करनी होगी।

श्रावण में शिव पुराण कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

श्रीराम मंदिर से निकाली कलश यात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

श्रावण मास के प्रारंभ के साथ ही नगर में धार्मिक आयोजनों का दौर शुरू हो गया है। रविवार को मार्केटिंग सोसाइटी परिसर में शिव पुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा से पहले श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। भजनों और धार्मिक जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में महिलाएं पीतांबर वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। वहीं श्रद्धालु शिव पुराण को सिर पर धारण कर नंगे पैर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया।



शिव परिवार से सीखें प्रेम और सामंजस्य

कथा के प्रथम दिन कथा वाचक पंडित प्रमोद नागर ने परिवार और प्रेम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों पर आधुनिकता और भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे समय में हमें भगवान शिव के परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए। शिव परिवार में सभी सदस्यों के स्वभाव एक-दूसरे से विपरीत होने के बावजूद प्रेम, सम्मान और सामंजस्य बना रहता है। उन्होंने कहा कि परिवार को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक सदस्य को एक-दूसरे के स्वभाव और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। प्रेम और अपनत्व से ही परिवार में एकता कायम रहती है। प्रेम की शक्ति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसी प्रेम के कारण भगवान राम ने माता शबरी के प्रेम से अर्पित किए गए झूठे बेर भी स्वीकार किए।

कथा सुनने उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

शिव पुराण कथा के प्रथम दिन सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा के समापन के बाद महाआरती हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागिता की। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिव पुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1रू30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। समिति सदस्यों ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

कांवड़ यात्रा में 13 किलोमीटर पैदल चले सैकड़ों कांवड़ियों ने गुप्तेश्वर महादेव का किया अभिषेक



माचलपुर। नगर से करीब 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव धानोदा के पास कालीसिंध नदी से जल भरकर गुप्तेष्वर महादेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक किया। कांवड यात्रा में पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रतसिंह खींची भी सावन के पवित्र माह में अपने कांधे कांवड़ लेकर पैदल चल कर पहुंचे। पूर्व मंत्री श्री खींची के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा काफिला चल रहा था, जिसमे पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, कालू सिंह तोमर, जसवंत सिंह गुर्जर पोलखेडा जसवंत सिंह गुर्जर लिंबोदा, प्रकाशचंद्र पुरोहित सहित खिलचीपुर विधानसभा के अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। कांवड़ यात्रा सर्व प्रथम धानोदा प्रवेश पर सरपंच घनश्याम गुर्जर ने जोरदार स्वागत किया। कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते गोघटपुर, गोतमपुरा, बंदा सहित अनेक जगह जलपान करवा वा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। माचलपुर नगर में जगह जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। कावड़ यात्रा का नगर में अनेक जगह स्वागत किया कावड़ यात्रा नगर के स्वय भू बाबा गुप्तेश्वर पहुंची। जहां नगर के दरबार परिवार ने यात्रा प्रमुख पूर्व मंत्री व सभी कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। सभी कावडियो ने बाबा गुप्तेश्वर का जल अभिषेक कर महाआरती की पश्चात सभी ने महा प्रसादी ग्रहण की।

खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



खुजनेर। मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार को कामिका एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए भक्तों ने लम्बी कतारों में लगकर दर्शन किए दिनभर मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजता रहा कामिका एकादशी के अवसर पर श्री खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया विशेष पूजा-अर्चना महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर बाबा श्याम के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के अवसर पर आसपास के क्षेत्रों के साथ ही दूर-दराज से भी श्रद्धालु पैदल निशान यात्रा लेकर खाटू श्याम मंदिर पहुंचे भक्तों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं में भी सेवादार कार्यकर्ता जुटे रहे एकादशी पर दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं को 3 क्विंटल फलाहारी चिप्स का प्रसाद वितरण किया गया है।

मिलावट खोरी का धंधा जोरों पर

दूध, घी, मावा से लेकर तेल-खाद्य पदार्थों में मिलावट, सेहत पर हो रहा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटखोरी का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। दूध, घी, मावा, पनीर, खाद्य तेल, मसाले और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।इसके बावजूद मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी और नियमित कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। त्योहारी सीजन के साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार और तेज होने की आशंका रहती है। बाजार में बिकने वाले दूध और उससे तैयार होने वाले मावा, पनीर व घी की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ताओं में चिंता बनी हुई है। वहीं खाद्य तेल, मसालों और अन्य पैकेज्ड व खुले खाद्य पदार्थों में भी मिलावट की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के लिए कुछ कारोबारी कथित तौर पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं, जिसका सीधा असर आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कभी-कभार जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई तो की जाती है, लेकिन नियमित निगरानी के अभाव में मिलावट का कारोबार पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रहा है। कार्रवाई होने के बाद कुछ समय के लिए गतिविधियां थमती हैं, लेकिन बाद में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। लोगों ने प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से मांग की है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान चलाया जाए। दूध डेयरियों, मावा-पनीर विक्रेताओं, किराना दुकानों, होटल-रेस्टोरेंट और खाद्य तेल विक्रेताओं से सैंपल लेकर उनकी जांच कराई जाए। जांच में मिलावट पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लग सके।

इनका कहना है...

मिलावटी कारोबार करने वाले पर लगातार कार्रवाई की जा रही है सारंगपुर में जल्दी अभियान चलाकर चेक किया जाएगा।

सुरेंद्र खत्री, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजगढ़।

वाहनों के संबंध में कार्रवाई की जा रही

खनिज विभाग ने अवैध मुरुम से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस को सौंपे



सारंगपुर। शनिवार देर रात खनिज विभाग राजगढ़ टीम ने क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मुरुम भरकर परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। दोनों वाहनों को कार्रवाई के लिए पुलिस थाना सारंगपुर के सुपुर्द किया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर चालकों की पहचान विकास पिता अनिल मेवाड़ा, निवासी किशनपुरा तथा शाहरुख पिता सलीम, निवासी सारंगपुर के रूप में बताई गई है। जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग की टीम ने शनिवार रात क्षेत्र में जांच के दौरान मुरुम से भरी दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। विभाग द्वारा वाहनों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मुरुम एवं अन्य खनिजों के उत्खनन और परिवहन की शिकायतें सामने आ रही हैं। पूर्व में भी इस संबंध में कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर इक्का-दुक्का कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन का सिलसिला पूरी तरह थमता नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को केवल छिटपुट कार्रवाई के बजाय अवैध खनन वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर प्रभावी रूप से रोक लग सके।

विश्व आदिवासी दिवस पर नीम, सीताफल जामुन, बेलपत्र, बहेड़ा का पौधरोपण किया



नरसिंहगढ़। प्रकृति संरक्षण परिवार आकाश एवं जय ओमकार भिलाला समाज संगठन ने यूएनओ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रेस्ट हाउस भैंसाटोल पहाड़ी पर पूर्व वर्ष की तरह पलास (खाखरा) के पौधे व पलाश के बीजों के साथ-साथ नीम जामुन बेलपत्र बहेड़ा सीताफल आदि की बीजरोपित किए गए। प्रकृति संरक्षण परिवार के संस्थापक व आकास प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम भिलाला द्वारा बताया गया है कि यह पलास के पौधे लगाने की प्रेरणा नरसिहगढ़ मे पदस्थ पूर्व एसडीएम सिद्धार्थ जैन से प्राप्त कर वर्ष 2019 से 2029 पलास अभियान के तहत इस पहाड़ी पर पलास लगाये जा रहे हैं जो की आज पिछले 7 वर्षों में पहाड़ी पर बहुतायत की मात्रा में 5 से 10 फीट के दिखाई देने लगे हैं निश्चित रूप से 2029 तक यह पेड बड़े-बड़े होकर इनमें मार्च माह में केसरिया फूल खिलने लगेंगे। जिसके कारण इस पहाड़ी को केसरिया पहाड़ी दिखने लगेगी। आज पौधरोपण में दिनेश भिलाला,दुलीचंद भिलाला, पप्पू सहरिया जयपाल सिंह हाडा रवि बाधवी विकास मालोनिया राजेश भिलाला अंश भिलाला गौरी भिलाला,दिनेश भिलाला यति भिलाला सौम्या भिलाला आदि द्वारा खोद खोदकर बीज व पौधे रोपित किए गए। वर्ष 2002 में इस पहाड़ी पर नीम की निम्बोली रोपित किए जाने से आज हजारों की संख्या में नीम के वृहद आकार में वृक्ष दिखाई दे रहें हैं।

यात्रियों में कुछ समय के लिए चिंता बढ़ी

रेलवे ट्रैक पर गोवंश आ गया, ट्रेन चालक की सूझबूझ से बच गई जान, हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

रविवार को सारंगपुर से होकर गुजर रही ट्रेन के सामने अचानक एक गोवंश आ जाने से कुछ देर के लिए स्थिति चिंताजनक हो गई। हालांकि ट्रेन चालक की सतर्कता और सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया और गोवंश की जान बच गई। जानकारी के अनुसार रविवार को ट्रेन सारंगपुर रेलवे स्टेशन से आगे अपने निर्धारित मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर अचानक एक गोवंश आ गया। चालक ने जैसे ही ट्रैक पर गोवंश को देखा, तत्काल सतर्कता बरतते हुए ट्रेन की गति कम कर दी। ट्रेन की रफ्तार धीमी होने से गोवंश को ट्रैक से हटने का मौका मिल गया और वह सुरक्षित बच गया। घटना के दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच भी कुछ समय के लिए चिंता का माहौल बन गया था। लेकिन चालक की तत्परता के चलते किसी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना नहीं हुई। गोवंश को बचाने के लिए ट्रेन चालक द्वारा दिखाई गई सजगता और मानवीय संवेदनशीलता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर अचानक आने वाले पशुओं के कारण अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में चालक की सतर्कता ने एक बेजुबान की जान बचाने के साथ ही संभावित रेल हादसे को भी टाल दिया।

दशपुर जागृति संगठन द्वारा 'आजादी की शाम क्रांतिकारियों के नाम' का आयोजन 14 को

मंदसौर। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त, संध्या 7:30 बजे महान क्रांतिकारियों को समर्पित एवं उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी रखने वाला देश का प्रथम संगठन लगातार अपना 17वां कार्यक्रम 'आजादी की शाम क्रांतिकारियों के नाम' स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित करेगा। इस कार्यक्रम को अपनी पेंशन से लगातार 17 वर्षों से आयोजित करने वाले राजाराम तंवर द्वारा इसे आयोजित किया जाता है। इस संबंध में एक वृहत बैठक संगठन कार्यालय पर रविवार को आयोजित की गई, जिसमें राजाराम तंवर ने कार्यक्रम के लिए नगर के सभी देशभक्तों को आमंत्रित किया है।

यह कार्यक्रम 14 अगस्त की संध्या 7:30 बजे गांधी चौराहे पर आयोजित होगा। बरसात होने की दशा में कार्यक्रम नगरपालिका सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर मुख्य अतिथि रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एन. एस. राजावत (पूर्व अपर कलेक्टर) करेंगे। विशेष अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह परिहार (पूर्व टीआई मंदसौर व संस्थापक, मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर संघ मंदसौर) तथा विशेष अतिथि डॉ उर्मिला तोमर (संस्थापक, सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी मंदसौर) उपस्थिति प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में विशेष 16 मशालों का प्रज्वलन एवं क्रांति कथाओं का पूजन तथा देशभक्ति गीतों से सजा हुआ यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

निर्णयों में अपनी सहभागिता दी

बैठक की अध्यक्षता राजाराम तंवर, संगठन अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पौराणिक, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, संगठन के परामर्शदाता अजीज उल्ला खान खालिद, उपाध्यक्ष बी. एस. सिसोदिया, कोषाध्यक्ष आर. सी. पांडे, संरक्षक रवींद्र पांडे, संयोजक सत्येंद्र सिंह व विशेष सहयोगी सुरेश गुप्ता ने की और बैठक के निर्णयों में अपनी सहभागिता दी।

पेड़-पौधे लगाकर प्रकृति का ऋण चुकाना हमारा महत्वपूर्ण दायित्व है: बिन्दु चन्द्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

हरियाली ईश्वर की अनुपम देन है, हरियाली देखकर मन आनंद से भर जाता है। इसलिए वर्षा काल में इस प्रकृति का ऋण चुकाने का सबसे अच्छा अवसर है कि हम अधिकतम पौधे लगाएं क्योंकि पौधे ही प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का एकमात्र शक्तिशाली साधन है। इसी से समस्त प्रकार के मौसम समन्वित और नियंत्रित होते हैं। उक्त विचार व्यक्त करते हुए ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ श्रीमती बिंदु चंद्रे ने कहा कि जहां तक बने पृथ्वी पर वृक्षारोपण करना मनुष्य का धर्म है, यद्यपि हम मनुष्य लोग पक्षियों के बराबर वृक्षारोपण नहीं कर सकते किंतु इस वर्षा ऋतु में कुछ पौधे लगाकर हम उनके कार्य में सहयोगी बन सकते हैं। स्थानीय परशुराम महिला मंडल की सभी महिलाएं कला एवं साहित्य के क्षेत्र में बहुत विशेष योग्यता रखती है किंतु प्रकृति प्रेम में उनका सहयोग अत्यंत ही अभिनंदनीय है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ गीता दुबे, सीमा पाठक, संगीता जोशी, चंद्रकला शर्मा, प्रियंका मोड, अंजना शर्मा, पूनम शर्मा आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



परशुराम महिला मंडल मंदसौर द्वारा पौधारोपण

परिहार बने प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मंदसौर विभाग की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़/मंदसौर

विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल मंदसौर विभाग की दो दिवसीय बैठक सिंधु महल मंदसौर में सम्पन्न हुई, विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल मालवा प्रांतीय मंत्री विनोद शर्मा, विभाग मंत्री अनुपालसिंह झाला, विभाग संयोजक खुमान सिंह सिसोदिया, जिला मंत्री गोवर्धन सिंह नेतृत्व मे बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन की रीती नीति के अनुसार रविवार को विभाग बैठक मंदसौर हुई जिसमें प्रांतीय मंत्री, विभाग मंत्री व जिला मंत्री के समक्ष जिला व प्रखंड की घोषणा की गई, जिसमें गरोठ जिला गौ रक्षा प्रमुख अभिषेक बैरागी, रोड़ सिंह सालरी जिला मिलन प्रमुख,जिला विधार्थी प्रमुख मर्दुल मांदलिया, जिला सेवा प्रमुख सर्वेश त्रिवेदी, राजू परिहार जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख, शामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष बालूसिंह,



गोविन्दसिंह परिहार(पत्रकार) प्रखंड प्रचार प्रसार प्रमुख, निर्मलसिंह प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख,गरोठ प्रखंड मंत्री लक्षणसिंह, सुवासरा प्रखंड संयोजक नितेश सोनी व अन्य नविन नविन दायित्व दिये गए हैं ।

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने डाइट में आयोजित किया गुरु वंदन समारोह

गुरु केवल पाठ पढ़ाने वाला नहीं, संस्कारों का संवाहकः आर.डी.जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर





गुरु केवल पाठ पढ़ाने वाला शिक्षक नहीं, बल्कि संस्कारों का संवाहक, जीवन का मार्गदर्शक और राष्ट्र निर्माण का आधार है। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। जब ज्ञान के साथ संस्कार और चरित्र का निर्माण होता है, तभी शिक्षा सार्थक होती है। यह विचार मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, ब्लॉक शाखा मंदसौर द्वारा जिला प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), मंदसौर में आयोजित गुरु वंदन समारोह में मुख्य वक्ता आर. डी. जोशी ने व्यक्त किए। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध मध्यप्रदेश शिक्षक संघ द्वारा आयोजित इस समारोह में भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान, संस्कार, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। इसके पश्चात अंकित राठौर ने मधुर स्वर में मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मुख्य वक्ता आर. डी. जोशी ने कहा कि प्राप्त ज्ञान को अपने तक सीमित रखना उचित नहीं है। अपने ज्ञान को कम से कम दस लोगों तक पहुंचाना ही गुरु के प्रति सच्ची गुरुदक्षिणा है। उन्होंने कहा कि माता-पिता, शिक्षक, पुस्तकें, अनुभव और प्रकृति—जीवन के पांच महत्वपूर्ण गुरु हैं। आज ए.आई. और आधुनिक तकनीक ज्ञान उपलब्ध करा सकती है, लेकिन संस्कार, संवेदना, अनुशासन और मानवीय मूल्यों का निर्माण शिक्षक ही कर सकता है।

वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी के निधन पर श्रद्धांजलि



मंदसौर। प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार, रतलाम प्रेस क्लब, के पूर्व अध्यक्ष श्री शरद जोशी का रविवार, 9 अगस्त को 75 वर्ष की आयु में इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही पत्रकारिता, सहकारी और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई।
मंदसौर जिला प्रेस फोरम के अध्यक्ष गायत्री प्रसाद शर्मा, आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव अब्दुल वाहिद रईस, आंचलिक पत्रकार संघ मंदसौर के जिला अध्यक्ष तुलसीराम राठौड़, आदि ने दुःख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।